लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2581

जिसका उत्तर बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को दिया जाएगा

इलेक्ट्रिक स्कूटरों के लिए सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना

2581. सुश्री एस. जोतिमणि:

क्या उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को दोषपूर्ण बैटरियों के कारण इलेक्ट्रिक स्कूटरों में आग लगने की बढ़ती घटनाओं की जानकारी है;

(ख) क्या यह सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं कि इलेक्ट्रॉनिक स्कूटरों में प्रयुक्त लिथियम बैटरियों को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का प्रमाणन प्राप्त है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक स्कूटरों और उनकी मशीनरी के सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(श्री बी. एल. वर्मा)

(क) से (घ): सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इलेक्ट्रिक वाहनों में बैटरी और उसके घटकों, बीएमएस और संबंधित प्रणालियों के लिए सुरक्षा मानकों के निर्माण हेतु विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी। समिति की सिफारिश के आधार पर, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने दिनांक 28 सितंबर, 2022 के एस.ओ. 4567 (ई) के माध्यम से ऑटोमोटिव उद्योग मानकों, एआईएस: 156 [एल (चार पहियों से कम मोटर वाहन और क्वाड्रिसाइकिल) श्रेणी के इलेक्ट्रिक पावर ट्रेन वाहनों के लिए विशिष्ट आवश्यकताएं] में संशोधन किया है।

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने भारतीय मानक आईएस 17017 श्रृंखला तैयार की है, जो कनेक्टर, संचार प्रोटोकॉल, इलेक्ट्रिक वाहन आपूर्ति उपकरण आदि सहित ईवी चार्जिंग अवसंरचना के सुरक्षा पहलुओं को संबोधित करती है। स्कूटरों की सुरक्षा आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए बीआईएस ने दो मानक भी तैयार किए हैं, अर्थात भारतीय मानक: आईएस संख्या 18590:2024 (एल श्रेणी वाहनों की इलेक्ट्रिक पावर ट्रेन की विशिष्ट आवश्यकताएं) और आईएस 18073:2023 (इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन मोटर प्रदर्शन और कार्यात्मक आवश्यकताएं)।

****